अनुक्रमांक [ | | | | | ] **B** APS (901) Hindi

# अर्द्ध वार्षिक परीक्षा सत्र 2018-19

## कक्षा — 9

## विषय — हिन्दी

समय : 3.15 घण्टे पूर्णांक : 70

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश—

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।
2. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य है।
3. प्रत्येक प्रश्न का अंक भार उसके सामने अंकित है।

### खण्ड - क

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 2½

आज देश स्वतन्त्र है। हमें अपनी शक्ति की वृद्धि करनी है, जिससे हमारी स्वतन्त्रता की रक्षा हो सके। आये दिन ऐसे संकट हमें चुनौती देते रहते हैं, जिनसे निपटने के लिए एक शक्तिशाली सेना की आवश्यकता है। यदि विद्यालयों में ही देश-सेवा की यह भावना दृढ़ हो जायें तो भविष्य के लिए बड़ी तैयारी हो सकेगी। प्राचीन काल में आश्रमों में वेद-शास्त्रों के साथ-साथ अस्त्र-शस्त्र की शिक्षा दी जाती थी। सैनिक शिक्षा से शारीरिक-शक्ति के साथ मानवीय गुणों का भी विकास होता है। सेवा, तत्परता, परिश्रमशीलता एवं निर्भयता आदि गुण इस दशा में अपने आप आ जाते हैं।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक होगा। ½

(ख) हमें अपनी शक्ति की वृद्धि क्यों करनी चाहिए ? 1

(ग) सैनिक शिक्षा का क्या महत्त्व है ? 1

2. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए—2½

हार कर क्यों शीश अपना मैं झुका दूँ
मैं सफलता का अटल विश्वास हूँ
पास क्षण-भर रुक न पायेगी निराशा
मैं न धरती पर किसी का दास हूँ
झूठ आकर द्वार मेरे क्या करेगा
सत्य का आह्वान जिन्दा है अभी!
बोल सुन परिवर्तनों के दहल जाये
वक्ष मेरा क्षणी ऐसा तो नहीं है
पथ-विमुखता नाग-दंशों से न होती
अर्चना निज ध्येय की अब भी वही है

P.T.O.

[illegible]
[illegible]

(क) पद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। ½

(ख) 'मृत्यु का आह्वान' से कवि का क्या आशय है ? 1

(ग) कवि मृत्यु से भयभीत क्यों नहीं है ? 1

## खण्ड - ख

3. दिए गए बिन्दुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबन्ध लिखिए। 8

(क) राजस्थान में अकाल
(1) प्रस्तावना (2) अकाल के कारण
(3) अकाल को रोकने के उपाय (4) उपसंहार

(ख) समय का सदुपयोग
(1) प्रस्तावना (2) समय के सदुपयोग की महत्ता
(3) समय के दुरुपयोग से हानि (4) उपसंहार

(ग) मोबाइल फोन : वरदान या अभिशाप
(1) प्रस्तावना (2) मोबाइल फोन से लाभ
(3) मोबाइल फोन से हानि (4) उपसंहार

(घ) प्लास्टिक थैली : पर्यावरण की दुश्मन
(1) प्रस्तावना (2) प्लास्टिक थैलियों से पर्यावरण प्रदूषण
(3) प्लास्टिक थैलियों पर प्रतिबंध (4) उपसंहार

4. अपने आपको राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय चूली का विद्यार्थी खेताराम मानते हुए विद्यालय में पुस्तकालय एवं वाचनालय की नियमित व्यवस्था हेतु प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। 4

अथवा

स्वयं को सुरेश निवासी शास्त्री नगर, बाड़मेर मानते हुए अपने मित्र छोटू सिंह राजस्थान पुलिस में चयन होने पर बधाई पत्र लिखिए। 4

## खण्ड - ग

5. (क) संयुक्त व्यंजन कितने होते हैं, नाम लिखिए। 2

(ख) वचन किसे कहते हैं, वचन के प्रकार लिखिये। 2

(ग) पुरुष वाचक सर्वनाम की परिभाषा लिखिए। 2

(घ) जातिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित समझाइए। 2

(ङ) निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए। 2
(1) अद्वितिय (2) विगृह
(3) अंताक्षरी (4) अनाधिकार

(च) 'माता' और 'सूर्य' के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। 2

(छ) 'इक' और 'मान' प्रत्यय का प्रयोग करते हुए दो-दो शब्द बनाइए। 2

## खण्ड - घ

6. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 4

शिक्षा विविध जानकारियों का ढेर नहीं है, जो तुम्हारे मस्तिष्क में ठूँस दिया गया है और जो आत्मसात हुए बिना वहाँ आजन्म पड़ा रहकर गड़बड़ मचाया करता है। हमें उन विचारों की अनुभूति कर लेने की आवश्यकता है, जो जीवन-निर्माण, मनुष्य निर्माण तथा चरित्र निर्माण में सहायक हों।

अथवा

हमारे बेचारे पुरखे न गुरुड़ के रूप में आ सकते हैं, न मयूर के, न हंस के। उन्हें पितृपक्ष में हमसे कुछ पाने के लिए काक बनकर ही अवतीर्ण होना पड़ता है। इतना ही नहीं दूरस्थ प्रियजनों को भी अपने आने का मधु संदेश इनके कर्कश स्वर में ही देना पड़ता है। दूसरी ओर हम कौवा और काँव-काँव करने को अवमानना के अर्थ में ही प्रयुक्त करते हैं।

7. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 4

मो को कहाँ ढूँढे बंदे, मैं तो तेरे पास में,<br>
ना मैं देवल ना मैं मसजिद का काबे कैलास में,<br>
ना तो कौने क्रिया-कर्म में, नहिं योग बैराग में।<br>
खोजी होय तो तुरतै मिलि हौ, पल भर की तलास में,<br>
कहै कबीर सुनो भाई साधो, सब स्वाँसों की स्वाँस में।।

अथवा

बसो मोरे नैनन में नंदलाल।<br>
मोहनि मूरति, सांवरि सूरति नैना बने बिसाल।<br>
मोर मुकुट मकराकृत कुंडल, अरुण तिलक सोहे भाल।<br>
अधर सुधा इस मुरली राजति उर वैजन्ती माल।<br>
छुद्र-घंटिका कटि-तट सोभित, नूपुर सबद रसाल।<br>
मीरां प्रभु संतन सुखदायी, भगत बछल गोपाल।।

8. निम्नलिखित अतिलघूत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 1×4=4

(क) 'नींव की ईंट' पाठ के अनुसार देश को आजाद कराने का श्रेय किसे मिलना चाहिए ?

(ख) नन्हा सा गिल्लू गिलहरियों के झुण्ड का नेता कैसे बना ?

(ग) मीराँ को जहर देकर मारने का प्रयास किसने किया ?

(घ) कवि रहीम के अनुसार मनुष्य जन्म कब मिलता है ?

9. निम्नलिखित लघूत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 1½×6=9

(क) 'दीपदान' एकांकी के नामकरण की सार्थकता सिद्ध कीजिए ?

(ख) भोलाराम का जीव कहाँ गया था ? वहाँ रहने का क्या कारण था ?

(ग) 'मरे बैल की चाम सों लौह भस्म ह्वै जाय'। 'मरे बैल के चमड़े' से 'लोहे के भस्म' होने के कथन का क्या आशय है ?

(घ) कृष्ण को नींद आ जाए, इसलिए जशोदा क्या-क्या यत्न करती है ?

(ङ) मीराँ ने 'राम-रतन-धन' की क्या-क्या विशेषताएँ बतायी है ?

(च) रहीम ने सच्ची मित्रता की क्या विशेषता बतायी है ?

10. लेखक रामवृक्ष बेनीपुरी का जीवन परिचय लिखिए। 2½

11. कवि तुलसीदास का जीवन परिचय लिखिए ? —dob 2½

12. निम्नलिखित निबन्धात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखिये।

(क) 'नींव की ईंट' पाठ के आधार पर नींव की ईंट के लक्ष्यार्थ को स्पष्ट कीजिए। 4

अथवा

छोटे जादूगर में जो गुण दिखलाई पड़ते हैं, उन्हें उदाहरण देकर बताइये। 4

(ख) 'पुष्प की अभिलाषा' के माध्यम से कवि क्या संदेश दे रहा है ? 4

अथवा

'कृष्ण मिताई जोग' के आधार पर सुदामा-कृष्ण की मित्रता को विस्तार से समझाइए। 4

13. (क) सड़क पर चलते समय हमें किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? 2

(ख) सड़क दुर्घटनाओं के कोई तीन कारण लिखिए ? 3

□□□